CIN : U45203CT2014SGC001560

CGRDC

छत्तीसगढ़ सड़क विकास निगम लिमिटेड रायपुर

तृतीय तल, सिरपुर भवन परिसर, आकाशवाणी के पीछे, सिविल लाईन्स, रायपुर

वेबसाईट : www.cgrdc.in, ईमेलआईडी : info@cgrdc.in, info.cgrdc@gmail.com, Phone 0771 –4043395, Fax 0771- 4033242

निर्माण कार्य की आवश्यकता एवं औचित्य

चिचोला–छुरिया–कल्लूबंजारी–महाराष्ट्र सीमा तक मार्ग

जिला राजनांदगांव में स्थित चिचोला–छुरिया–कल्लूबंजारी–महाराष्ट्र सीमा तक सड़क ग्रामीण मार्ग है, जो छ.ग. को महाराष्ट्र राज्य से जोड़ता है। इस प्रकार यह एक अन्तर्राज्यीय मार्ग है। वर्तमान में यह 5.00 मी. से 6.00 मी. डामरीकृत एवं डब्ल्यु.बी.एम. सतह की सड़क है, जो कि अत्यंत जर्जर स्थिति में है। इस मार्ग से विभिन्न प्रकार की व्यावसायिक वस्तुओं का परिवहन एवं आवागमन महाराष्ट्र की ओर वर्तमान में इस मार्ग से होता है। इस मार्ग के बन जाने से जिला राजनांदगाव का सीधा सम्पर्क इस मार्ग के माध्यम से महाराष्ट्र राज्य से होगा। वर्तमान में यद्यपि यातायात घनत्व कम है, किन्तु भविष्य में यातायात घनत्व की अनुमानित वृद्धि निश्चित है। अतः इस मार्ग का निर्माण कुछ स्थलों पर 2 लेन हार्ड शोल्डर एवं कुछ स्थलों पर 2 लेन पेव्ड शोल्डर सहित किये जाने से यातायात और भी सुगम होगा। प्रस्तावित सड़क का निर्माण मौजूद सड़क के एक रेखण (Alignment) में ही करना है, जिससे कि लागत में भी कमी आयेगी और वृक्षों का विदोहन भी न्युनतम करना पड़ेगा। चुंकि इस मार्ग का पूर्व निर्मित कुछ भाग वन भूमि से गुजरता है अतः वन भूमि की आवश्यकता है।

27/02/017

(जी.एस. सोलंकी)
महाप्रबंधक
छ.ग. सड़क विकास निगम लि.,
रायपुर (छ.ग.)